## एक नजर में

### आतंक का पर्याय बने बाघ का हुआ रेस्क्यू

**उमरिया.** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बने नर बाघ का आखिरकार रेस्क्यू कर लिया गया है। गुरुवार सुबह एक और ग्रामीण की मौत के बाद विभाग ने विशेष अभियान चलाकर पलझा उत्तर बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-604 से लगभग पांच वर्षीय इस बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा और बहेरहा एनक्लोजर भेज दिया। बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि रेस्क्यू अभियान निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी सावधानी के साथ संपन्न किया गया। क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक, वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, संजय टाइगर रिजर्व सीधी के अधिकारी, ताला एवं पनपथा के परिक्षेत्र अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (टीपीएफ) तथा अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### रश्मि अरुण पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अवमानना प्रकरण में गलत अनुपालन प्रतिवेदन दाखिल करने पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अति. मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी पर 25 हजार का व्यक्तिगत जुर्माना लगाने के साथ कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह राशि अधिकारी स्वयं वहन करेंगी और इसकी प्रतिपूर्ति सरकारी खजाने से नहीं की जाएगी। अवमानना याचिकाकर्ता मनीष व्यास सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्राए आशीष कुमार तिवारी, निर्देश कुमार पटेल व असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा. कोर्ट ने पाया कि 27 मार्च 2025 को पारित आदेश में याचिकाकर्ताओं के नियमितीकरण पर विचार करने का निर्देश था. लेकिन विभाग ने 11 जून 2026 के आदेश से केवल सात अक्टूबर 2016 की विनियमितीकरण योजना का लाभ देते हुए उन्हें स्थायी कर्मी घोषित कर दिया। इसी आदेश को अनुपालन बताते हुए 16 जून को रिपोर्ट प्रस्तुत की

# फर्जीवाड़ा में 15 पटवारी निलंबित

▸ जौरा-बानमोर में दो तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 26 जून. फर्जी किसानों के पंजीयन का सत्यापन करने वाले 15 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि जौरा और बानमोर के दो तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।**

जांच में सामने आया है कि मुरैना, भिंड और राजगढ़ में फर्जी किसानों ने बाजार से खरीदा गया गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचकर करीब 4.82 करोड़ रुपए का भुगतान लिया। इस पूरे मामले में मुरैना के 10 समिति प्रबंधकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। उनके जवाब के बाद अन्य आरोपियों पर भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

मामले का खुलासा सामने आने के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने जांच शुरू कर दी है। ग्वालियर की टीम अब सोमवार से संबंधित जिलों में पहुंचकर खरीदी से जुड़े रिकॉर्ड की गहन पड़ताल करेगी।

पंजीयन की अंतिम तारीख 10 मार्च थी। ज्यादातर फर्जी पंजीयन 5 से 10 मार्च के बीच रात 11 बजे से सुबह 7 बजे के बीच किए गए। जालसाजों ने अनुसूचित जाति और अन्य किसानों के खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन करा लिया। कई मामलों में बंटाई का कोई अनुबंध नहीं था, फिर भी तहसील स्तर पर सत्यापन कर दिया गया। पकड़े जाने से बचने के लिए फर्जी किसान एक ब्लॉक में पंजीयन कराते थे, लेकिन गेहूं की तुलाई दूसरे दूरस्थ खरीदी केंद्रों पर कराते थे। जांच में पता चला कि दूसरे किसानों की जमीन पर गेहूं बेचने का पंजीयन किया गया.

### निरीक्षण में लापरवाही पड़ी भारी, शिक्षिका निलंबित

**दमोह.** विद्यालय निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने व समय पर उपस्थिति दर्ज न करने के मामले में शासकीय प्राथमिक शाला बिजौरा की शिक्षिका प्रियंका बड़गैया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार निरीक्षण के समय शिक्षिका विद्यालय से अनुपस्थित पाई गईं और उपस्थिति पंजी में भी समय पर हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे. मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने तत्काल निलंबन की कार्रवाई की है. निलंबन अवधि में शिक्षिका का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है.

# फर्जी एमसीएक्स ट्रेडिंग रैकेट का पर्दाफाश

▸ मोबाइल से मिले करोड़ों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के सरवन थाना क्षेत्र में अवैध एमसीएक्स ट्रेडिंग के नाम पर संचालित एक बड़े संदिग्ध नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस ने फर्जी ट्रेडिंग और धोखाधड़ी से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल की जांच की तो करोड़ों रुपये के संदिग्ध ऑनलाइन लेनदेन और कई डिजिटल आईडी का पता चला। अब पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से कई व्यापारी जुड़े हो सकते हैं और जांच का दायरा रतलाम सहित आसपास के कई जिलों तक पहुंच गया है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल के नेतृत्व में सरवन थाना पुलिस कार्रवाई कर रही है। मामले की शुरुआत 6 जून 2026 को हुई, जब रतलाम के सैफी नगर निवासी दिव्यांश उर्फ छोटू सोनी ने सरवन थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरवन निवासी आदित्य सोमानी ने एमसीएक्स ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी की और बाद में उससे करीब एक करोड़ रुपये की मांग की। जांच के बाद पुलिस ने अपराध प्रकरण कायम किया।

### पुलिस ने मोबाइल को डिजिटल फोरेंसिक जांच, डाटा रिकवरी के लिए भेजा

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने मोबाइल से कुछ महत्वपूर्ण डेटा हटाने का प्रयास किया था। पुलिस अब मोबाइल को डिजिटल फोरेंसिक जांच और डाटा रिकवरी के लिए साइबर विशेषज्ञों के पास भेज रही है। इसके अलावा बैंक खातों, डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी गहन जांच की जा रही है।

# तहसीलदार एवं राजस्व अमले को दी गोली मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 26 जून. बदरवास तहसील के ग्राम सड़बूड़ रोड स्थित सिंध नदी के पास शासकीय भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन की सूचना मिलने पर तहसीलदार सचिन भार्गव राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे. टीम में पटवारी, कोटवार और शासकीय वाहन चालक सुनील कुमार प्रजापति भी शामिल थे.**

अवैध खनन रोकने पर तहसीलदार एवं राजस्व अमले को गोली मारने की धमकी दी गई. राजस्व टीम ने मौके पर देखा कि घाट तक रेत उत्खनन के लिए रास्ता बनाया जा रहा था. शासकीय भूमि पर एक हाइड्रा और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी का अवैध उत्खनन हो रहा था. अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त करने का प्रयास किया, जिस पर आरोपियों ने विरोध शुरू कर दिया. इसी दौरान जयमंडल यादव ने तहसीलदार को धमकाते हुए कहा कि रुक जाइए, नहीं तो गोली मार दूंगा और जेल चला जाऊंगा. उसने कथित तौर पर अपने बेटे विकुल यादव से घर से बंदूक लाने को भी कहा, यह कहते हुए कि आज इन सबको गोली मार दूंगा.

# मुख्यमंत्री पर आरोपों को बताया निराधार

▸ महेंद्र सिंह यादव ने कांग्रेस पर किया पलटवार

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 26 जून. मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ( अपेक्स बैंक ) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए उनका खंडन किया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से विपक्ष द्वारा साजिश रची जा रही है.**

महेंद्र सिंह यादव ने अपने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक मीडिया चैनल पर चर्चा के दौरान स्पष्ट किया है कि उनकी और उनके परिवार की सभी संपत्तियां छात्र

जीवन तथा बाद में शुरू किए गए व्यवसाय से अर्जित की गई हैं. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी संपत्तियों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है.

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तथ्यों के बजाय भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है. उनके अनसार मख्यमंत्री प्रदेश में किसानों, गरीबों, युवाओं और आमजन के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं तथा विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं.

> उन्होंने ने कहा कि विपक्ष से सकारात्मक राजनीति करने की अपील करते हुए कहा कि यदि सभी दल प्रदेश के विकास में सहयोग करें तो मध्य प्रदेश तेजी से प्रगति करेगा. उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप से प्रदेश का सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रभावित हो सकता है और विकास कार्यों पर भी विपरीत असर पड़ सकता है. उन्होंने कांग्रेस की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेशहित में सभी राजनीतिक दलों को जिम्मेदारी के साथ आचरण करना चाहिए.

# दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से की मारपीट

▸ मारपीट करने वाले आरोपी पर एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 26 जून. डुमना एयरपोर्ट पर दिल्ली से आई एक फ्लाइट में सामान ( लगेज ) निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर दो यात्रियों के बीच में शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक यात्री ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मारपीट कर दी. पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है.**

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी. इस फ्लाइट में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सोहन मुखर्जी भी सवार थे, जो प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करने के लिए दिल्ली से जबलपुर आ रहे थे. इसी फ्लाइट में दिल्ली के ही रहने वाले जोगेश बंसल नाम के यात्री भी यात्रा कर रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर लैंड हुई और यात्री अपना-अपना सामान निकालने लगे, तभी सोहन मुखर्जी और जोगेश बंसल के बीच सामान निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर बहस शुरू हो गई. इसके बाद आरोपी जोगेश बंसल ने आपा खो दिया और फ्लाइट के अंदर ही अधिवक्ता सोहन मुखर्जी के साथ मारपीट कर दी. विमान के भीतर अचानक हुई इस झड़प से बाकी यात्रियों में भी हड़कंप मच गया.

# मरम्मत के बाद दोबारा खुला ममलेश्वर झूला पुल, दो दिन बाद मिली राहत

▸ क्षतिग्रस्त होने के बाद एहतियात के तौर पर इसे तत्काल बंद कर दिया था

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** नर्मदा नदी पर स्थित ममलेश्वर झूला पुल (हैंगिंग ब्रिज) दो दिन बंद रहने के बाद शुक्रवार को श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए फिर से खोल दिया गया। पुल के एक महत्वपूर्ण हुक के क्षतिग्रस्त होने के बाद एहतियात के तौर पर इसे तत्काल बंद कर दिया गया था। एनएचडीसी और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य करते हुए टूटे हुए हुक को बदल दिया और पुल की आवश्यक तकनीकी जांच पूरी की। सभी सुरक्षा मानकों पर पुल के सुरक्षित पाए जाने के बाद शुक्रवार से पैदल आवागमन फिर



शुरू कर दिया गया। प्रशासन की योजना के अनुसार पुल गुरुवार को ही खोल दिया जाना था, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन के कारण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निर्णय एक दिन के लिए टाल दिया गया। शुक्रवार को मौसम अनुकूल होने और अंतिम निरीक्षण पूरा होने के बाद पुल को आमजन के लिए खोलने की अनुमति दी गई। झूला पुल बंद रहने से पिछले दो दिनों में श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और नाविकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को दूसरे लंबे मार्गों से आवागमन करना पड़ा, जिससे समय और दूरी दोनों बढ़ गए थे। पुल खुलने से क्षेत्र में सामान्य आवागमन बहाल हो गया है और सभी ने राहत की सांस ली है। बारिश के मौसम और आगामी धार्मिक आयोजनों को देखते हुए प्रशासन ने पुल की नियमित तकनीकी जांच कराने का निर्णय लिया है। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि पुल पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें।

# एक किलो एमडी ड्रग्स के साथ अंतरराज्यीय तस्कर बंदी

▸ मुखबिर की सूचना पर फोरलेन हाईवे पर घेराबंदी, सप्लाई चेन और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**रतलाम। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रिंगनोद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को एक किलोग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है।**

जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर ड्रग्स के स्रोत और पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल एवं एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह आजाद के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस को 25 जून को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बरखेड़ी फंटा स्थित महू-नीमच फोरलेन हाईवे से अवैध एमडी ड्रग्स लेकर गुजरने वाला है।

सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रघुवीर जोशी सहित पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1000 ग्राम (एक किलोग्राम) एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान 52 वर्षीय युनुस पिता नियामत खान पठान निवासी ग्राम कोटड़ी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी, किसे सप्लाई की जानी थी और इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और पूरे गिरोह के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लोकल फॉर ग्लोबल का सशक्त मंच बनेगा भारत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 26 जून. कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट ) द्वारा 12 अगस्त से 15 अगस्त तक भारत मण्डपम नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जो पीएम नरेन्द्र मोदी के लोकल फोर ग्लोबल की अवधारणा को मूर्त रूप देगा और सशक्त मंच बनेगा.**

भारतीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच दिलाने के लिये कैट का यह अभिनव आयोजन आईटीपीओ नई दिल्ली के साथ भारत मण्डपम में आयोजित किया जा रहा है. यह बात संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने व्यापारिक प्रतिनिधि मण्डल से कही. उल्लेखनीय है कि कैट के

राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन के साथ कैट ग्वालियर के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री रामकुमार गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ग्वालियर चम्बल संभाग के प्रभारी पवन जैन शिवपुरी, दीपेश अग्रवाल, राजेन्द्र राठौर ने आज संचार भवन नई दिल्ली में सिंधिया से मिलकर भारतीय व्यापार महोत्सव के संबंध में विस्तुत चर्चा की. कैट के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सौजन्य भैंट करते हुये ज्योतिरादित्य सिंधिया को व्यापारिक सम्मेलन ग्वालियर एवं शिवपुरी में आमंत्रित किया.

कैट के मीडिया प्रभारी हिमांशु छापरिया एवं धनराज सेवानी ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष और उनकी टीम ने व्यापारिक और औद्योगिक समस्यओं के निपटारे के लिये प्रत्येक तीन माह में प्रभारी मंत्री के साथ शासन प्रशासन की बैठक करने का आग्रह किया जिसे उन्होंने स्वीकार किया.

# निर्माण के दौरान उखड़ने लगी 3 करोड़ की सड़क

## उमंग सिंघार ने मप्र सरकार पर लगाए आरोप

**मुरैना, 26 जून. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुरैना में निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है.**

उन्होंने कहा कि लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क निर्माण के दौरान ही उखड़ने लगी, जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया है. कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार में 'भ्रष्टाचार की सड़कें भी अब गारंटी के साथ नहीं, हाथ लगाते ही उखड़ रही हैं।' उनका आरोप है कि

करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है और जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। इसी के साथ उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है।

# मोहर्रम जुलूस में करंट से 3 की मौत, 3 कर्मचारी निलंबित

**जावरा, 26 जून. पिपलोदा तहसील के ग्राम हतनारा में मोहर्रम के ताजिये के जुलूस के दौरान गुरूवार रात एक अत्यंत दुखद घटना घटी. हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10-15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**

मृतकों की पहचान राशिद खान, अरबाज और सद्दाम के रूप में हुई है. इस हृदयविदारक घटना के पीछे विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही सामने आई है. हुसैनी कमेटी, हतनारा द्वारा एसडीएम और तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शांति समिति की बैठक में तय होने के बावजूद विभाग ने न तो जुलूस के दौरान लाइन बंद की और न ही झूलते तारों को दुरुस्त किया. कमेटी ने दोषी अधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है. घटना की गंभीरता और विभाग की बड़ी लापरवाही को देखते हुए विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है. विभाग के कार्यपालन यंत्री ने तत्काल प्रभाव से लाइनमैन सहित तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है.

**सक्सेस स्टोरी** | जनसहयोग और श्रमदान से हजारों जल संरचनाएं तैयार, बनासी गांव में 200 फीट से घटकर 15-20 फीट पर मिलने लगा पानी

# हर हाथ की भागीदारी से शहडोल में जनआंदोलन बना जल संरक्षण

पुष्पेन्द्र वैद्य

**इंदौर।** शहडोल जिले में जल संरक्षण को लेकर शुरू हुआ जल संचय जनभागीदारी अभियान 2.0 अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। जिला प्रशासन की पहल और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से जिले के पांचों विकासखंडों में हजारों जल संरचनाएं तैयार की गई हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण जीवन, कृषि और भूजल स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है।

अभियान के तहत ग्रामीणों, मनरेगा श्रमिकों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्यकर्मियों और पंचायत अमले ने मिलकर जल संरक्षण को

जनभागीदारी का उत्सव बना दिया। श्रमदान और सामुदायिक सहयोग से तैयार की गई संरचनाएं आज जल संवर्धन की नई मिसाल बन रही हैं। कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में नदियों के दोनों किनारों पर मिट्टी के कटाव को रोकने तथा वर्षा जल को धरती के भीतर पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर कंटूर ट्रेंच बनाई गईं। ग्रामीणों ने श्रमदान के माध्यम से इन संरचनाओं का निर्माण किया। गांव-गांव में आयोजित पानी चौपालों ने भी लोगों को जल संरक्षण के महत्व से जोड़ा।

ग्रे वाटर मैनेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए घरों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में सोख्ता गड्ढों का निर्माण कराया गया। ब्यौहारी विकासखंड के छोटे से गांव बनासी में इस अभियान के परिणाम सबसे प्रभावशाली रूप में दिखाई देते हैं। कभी यहां 200 फीट की गहराई तक पानी नहीं मिलता था और लगभग 85 प्रतिशत ग्रामीणों को रोजगार और पानी की समस्या के कारण पलायन करना पड़ता था। लेकिन, जल संरक्षण के सामूहिक प्रयासों के बाद आज मात्र 15 से 20 फीट की गहराई पर पानी उपलब्ध हो रहा है। लगभग 70 प्रतिशत लोग गांव में ही रोजगार और खेती से आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

बुढार क्षेत्र में कपिलधारा योजना के अंतर्गत निर्मित कुओं के साथ डगवेल रिचार्ज संरचनाएं विकसित की गई हैं। इससे वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ कुएं लंबे समय तक जीवंत बने रहेंगे। सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणालियां स्थापित की जा रही हैं, ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को धरती के भीतर पहुंचाया जा सके। बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान बनाए जा रहे हैं, वहीं अमृत सरोवरों की सफाई कर उन्हें पुनः उपयोग योग्य बनाया गया है। विशेष बात यह है कि इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारी भी श्रमदान के माध्यम से सीधे ग्रामीणों के साथ जुड़े हैं। कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वयं गांवों में पहुंचकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे अभियान को नई ऊर्जा मिली है।

### जल संरक्षण को जन-जन का संस्कार बनाना उद्देश्य

जल संचय जनभागीदारी अभियान का उद्देश्य केवल संरचनाएं बनाना नहीं, बल्कि जल संरक्षण को जन-जन का संस्कार बनाना है। शहडोल में समाज और प्रशासन के साझा प्रयासों से जो परिणाम सामने आए हैं, वे आने वाले वर्षों में जल सुरक्षा की मजबूत नींव साबित होंगे।

- डॉ केदार सिंह, कलेक्टर, शहडोल

### समन्वित प्रयासों ने अभियान को जनआंदोलन बना दिया

ग्रामीणों के श्रमदान, मनरेगा श्रमिकों की मेहनत और विभागों के समन्वित प्रयासों ने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने से भूजल संवर्धन, कृषि उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा।

- शिवम प्रजापति, सीईओ, जिला पंचायत शहडोल